# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर फिर हमला बोला है। देवघर के जसीडीह में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कोल्हान प्रमंडल में घटित घटनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

******************

हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में एसीबी की जांच के दायरे में भाजपा सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी आ गए हैं। उन पर 2010 में विवादित वन भूमि की रजिस्ट्री में पहचान बनने का आरोप है। मामला एक शोरूम की भूमि से जुड़ा हुआ है। हालांकि विधायक प्रदीप प्रसाद ने आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

******************

रांची में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोअर बाजार थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पशु के मांस को बरामद किया है। इस कार्रवाई में मांस से भरे दो ट्रक पकड़े गये हैं। मांस की बरामदगी के बाद पुलिस अब इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है।

******************

राज्य में मोंथा चक्रवात का असर आज भी दिखायी दे रहा है। सुबह से ही राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में रुक–रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने चक्रवात मोंथा का असर 31 अक्टूबर तक रहने का पूर्वानुमान जताया है। साथ ही कोल्हान सहित विभिन्न इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना भी जताई गई है।

******************

जामताड़ा में भी मोंथा चक्रवात का असर देखा जा रहा है। जिला प्रशासन ने इससे निपटने के लिए कई एहतियाती कदम उठाये हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

सिमडेगा जिले के बानो थाना क्षेत्र के कनारावां रेलवे उतरी केबिन के समीप आज सुबह लगभग सवा दस बजे एक मालगाड़ी पटरी से उतर गयी। यह मालगाड़ी राउरकेला से रांची जा रही थी। मालगाड़ी के कुल 10 डिब्बे बेपटरी हुए हैं। इनमें से 3 से 4 बोगियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस, बानो थाना पुलिस और हटिया–बंडा मुंडा रेल खंड के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर राहत–बचाव कार्य में जुटे हैं।

******************

इस दुर्घटना के कारण ट्रेन यातायात पर असर पड़ा है। हटिया – पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस और हटिया – झारसुगुड़ा मेमू का आज हटिया स्टेशन के स्थान पर राउरकेला स्टेशन से परिचालन होगा। इसके अलावा सम्बलपुर – गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित मार्ग राउरकेला – हटिया – मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग राउरकेला – सीनी– चाण्डिल – गुण्डा बिहार – मूरी होकर चलेगी।

विशाखपट्टणम – बनारस एक्सप्रेस भी आज अपने निर्धारित मार्ग राउरकेला – हटिया – मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग राउरकेला – चक्रधरपुर – कान्ड्रा – चांडिल – गुण्डा बिहार – मूरी होकर चलेगी।

सर एम विश्वेश्वरैया बेंगलुरु टर्मिनल – हटिया एक्सप्रेस, बरौनी – पोत्तनूर स्पेशल और धनबाद– अल्लापुझा एक्सप्रेस भी आज परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। जबकि हटिया – राउरकेला पैसेंजर ट्रेन का परिचालन आज रद्द कर दिया गया है।

******************